माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1550 / 03 / MSU / 2022–23 दिनांक: 29/09/2022

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के विचारार्थ प्रकरण प्रवेश समिति की बैठक दिनांक : 27.09.2022 में प्रस्तुत किया गया था। इस सम्बन्ध में प्रवेश समिति द्वारा निम्नवत् निश्चय किया गया :–

"कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पैतृक विश्वविद्यालय चौ0 चरण सिंह प्रवेश नियमावली के अनुसार अभ्यर्थी के स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत प्राप्तांक तथा सम्बन्धित विषय में 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। छात्रा द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर संकायाध्यक्ष विज्ञान से आख्या प्राप्त की गई। संकायाध्यक्ष विज्ञान द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुये सम्बन्धित विषय में 50 प्रतिशत अंक होने की बाध्यता को समाप्त करने की संस्तुति की गई। जिस पर प्रवेश समिति द्वारा संकायाध्यक्ष विज्ञान द्वारा की गई संस्तुति के अनुसार सम्बन्धित विषय में 50 प्रतिशत अंक की बाध्यता को समाप्त करते हुये स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश दिये जाने का निश्चय किया गया।"

उक्त के सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित को सूचित करना है कि कृपया उपर्युक्त निश्चय के अनुसार परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय।
02. सहायक कुलसचिव।
01. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुये छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव